समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# अंबानी-अडानी भी रह गए पीछे, बारूद और बम बनाकर इस अरबपति ने उद्योगजगत मे मचाई हलचल।

Publisher Published on 01 Jul 2025



## 78% नेटवर्थ ग्रोथ के साथ सोलर इंडस्ट्रीज के सत्यनारायण नुवाल ने कमाई मे देश के दिग्गजों को छोड़ा पीछे।

**धमाकेदार कमाई से चर्चा मे संत्यनारायण नुवाल**

साल 2025 की पहली छमाही में भारत के दिग्गज उद्योगपतियों की कमाई में बदलाव तो जरूर आया, लेकिन सबसे चौंकाने वाला नाम रहा — **सत्यनारायण नुवाल**, जिन्होंने **मुकेश अंबानी** और **गौतम अडानी** जैसे टाइकून्स को कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया।

**सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया के सह-संस्थापक** और **प्रेसिडेटं सत्यनारायण नुवाल** की **नेटवर्थ मे 78.4%** का उछाल आया है और अब उनकी कुल संपत्ति 7.90 अरब डॉलर पर पहुंच गई है।

**कौन है संत्यनारायण नुवाल ?**

नागपुर स्थित उनकी कंपनी **Solar Industries India Ltd बारूद, डेटोनेटर, एक्सप्लोसिव** और **एम्युनिशन** बनाने का काम करती है। यह कंपनी भारत की रक्षा तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**हेडक्वार्टर : नागपुर, महाराष्ट्र**
**मुख्य उत्पाद :** डेटोनेटर, विस्फोटक पदार्थ, रक्षा क्षेत्र के गोला-बारूद
**शेयर परफॉर्मेसं :**

2023: +54%
2024: +45%
2025 (अब तक): +81%

**भारत के टॉप उद्योगपतियों की संपत्ति मे इंजाफा (2025 की पहली छमाही)**

| उद्योगपति | नेटवर्थ (अरब डॉलर) | इजाफा (%) |
|---|---|---|
| सत्यनारायण नुवाल | 7.9 | +78.4% |
| सुनील मित्तल | 30.4 | +27.3% |
| लक्ष्मी मित्तल | 24.8 | +26.1% |
| राहुल भाटिया | 10.8 | +24.9% |
| मुकेश अंबानी | 110.5 | +21.9% |
| गौतम अडानी | 85.4 | +8.5% |

**विश्लेषण : क्यों भागे सोलर इंडस्ट्रीज के शेयर ?**

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने की नीति, एक्सपोर्ट में बढ़त और घरेलू डिफेंस जरूरतों में इजाफा — इन सबका फायदा **सोलर इंडस्ट्रीज** को मिला है। इससे **निवेशकों का भरोसा और शेयर प्राइस** — दोनों में तेजी आई।

**सत्यनारायण नुवाल** की सफलता न केवल उनकी **रणनीति** और **इंडस्ट्री** की समझ का परिणाम है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भारत में **रक्षा और विनिर्माण क्षेत्र** में निवेश से भी अरबपति बना जा सकता है। **अंबानी** और **अडानी** जैसे दिग्गजों के मुकाबले छोटी शुरुआत से बड़ी छलांग लगाने वाला यह उदाहरण हर युवा उद्यमी के लिए प्रेरणा बन सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.